हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

11 सभी मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे...


12 शिक्षा बचाने के लिए आंदोलन तेज करेगा अध्यापक संघ


### बिजली-पानी की मांग पर चानौत में आंदोलन तेज, शुक्रवार को ग्रामीण निकालेंगे सरकार की शव यात्रा

# आज 51 महिलाएं भूख हड़ताल व कल 101 पुरुष करेंगे अनशन

- ग्रामीण बोले- शहर का पानी नहीं रोकना चाहते

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

बरवाला रोड स्थित गांव चानौत में बिजली और पेयजल की मांग को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन और तेज हो गया है। धरना कमेटी ने नई रणनीति के तहत बुधवार से 51 महिलाओं की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करने का ऐलान किया है। गुरुवार को 101 पुरुष भी भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जबकि शुक्रवार को ग्रामीणों ने सरकार की शव यात्रा निकालने की भी योजना बनाई है। मंगलवार को गांव में धरना शांतिपूर्ण रहा। हालांकि सोमवार के मुकाबले धरना स्थल पर लोगों की संख्या कुछ कम रही, लेकिन महिलाओं समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने साफ किया कि वे हांसी शहर के पानी पर रोक नहीं लगाना चाहते। उनका कहना है कि शहर को भी पर्याप्त पानी मिले और गांव को भी उसका हक मिले। आरोप है कि पेयजल की मांग लगातार अनदेखी की जा रही है।



#### ट्रैक्टर मालिक को नोटिस, किसान बोला- बिना मुआवजे बिछाई लाइन

*धरना कमेटी सदस्य व पूर्व सरपंच सत्यवान ने बताया कि सर्वसम्मति से भूख हड़ताल का फैसला लिया गया है। उन्होंने भरोसा दिया कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा और कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनने दी जाएगी। सोमवार को पाइपलाइन उखाड़ने में इस्तेमाल ट्रैक्टर के मालिक दयानंद को प्रशासन ने नोटिस भेजा है, जबकि दयानंद का कहना है कि वह अपनी निजी जमीन पर ट्रैक्टर चला रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी जमीन से बिना अनुमति और मुआवजे के पाइपलाइन बिछाई गई है। वहीं ग्रामीणों का भी आरोप है कि किसानों की जमीनों में बिना इजाजत पाइपलाइन डाली गई है। अब फसल बिजाई का समय है और पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे खेती में बाधा बन रहे हैं।*

### पाइपलाइन उखाड़ने व रोड जाम में 31 किसान नेताओं पर केस

हांसी। हांसी शहर में पेयजल सप्लाई आपूर्ति के लिए डाली जा रही भाखड़ा पाइप लाइन को चानौत में उखाड़ने के प्रयास व नुकसान पहुंचाने पर 31 किसान नेताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं। एसपी विनोद कुमार ने मंगलवार दोपहर को प्रेस वार्ता में पुलिस की कार्रवाई की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि एसडीओ एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट शीला देवी की शिकायत पर पुलिस ने 31 नामजद किसान नेताओं और कई अन्य अज्ञात पुरुषों व महिलाओं के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के अलावा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम (पीडीपीपी) की धारा 3 और नेशनल हाइवे एक्ट की धारा 8बी के तहत मामला दर्ज किया है।

#### जानिए... किन किसान नेताओं पर हुई एफआईआर

सरकारी काम में बाधा डालने और नेशनल हाइवे जाम करने के मामले में वीडियोग्राफी के आधार पर अनूप चानौत, चनौत के पूर्व सरपंच सत्यवान, प्रतिनिधि सरपंच हिमांशु, किसान नेता दशरथ मलिक, हरियाणा भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कौथ, हरियाणा भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुड्डा, टोल प्लाजा कमेटी उमरा के प्रधान कैलाश मलिक, भाकियू के विकास सीसर, भाकियू एकता सिद्धपुर के प्रदेश महासचिव राजू खरड़ और प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु कोहाड़ समेत 31 किसान नेताओं को नामजद व अन्य प्रदर्शनकारियों पर केस दर्ज किया है।

#### चानौत में धरने के दौरान हुआ हंगामा

अपनी शिकायत में एसडीओ शीला देवी ने बताया कि चानौत में पानी की समस्या को लेकर चल रहे धरने के मद्देनजर उन्हें ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। सोमवार दोपहर 1 बजे जब वे एसडीएम हांसी राजेश खोथ और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची तो वहां चानौत और आसपास के गांवों के लोग भारी संख्या में एकत्रित थे। आरोप है कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट और प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। किसान नेताओं ने हांसी-बरवाला रोड पर जाम लगाया। खरकड़ी मोड़ पर बिछाई गई पाइपलाइन उखाड़ने का प्रयास किया और रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

#### हांसी में कष्ट निवारण समिति की बैठक 5 को

**हांसी।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आगामी 5 जून को एसडी महिला महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे। बैठक प्रातः 10 बजे शुरू होगी। यह जानकारी देते हुए सीटीएम हिमांशु चौहान ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कई लंबित परिवादो का समाधान किया जाएगा। सीटीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित मामलों की पूरी तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें तथा लंबित मामलों के समाधान के लिए आवश्यक रिपोर्ट एवं दस्तावेज साथ लेकर आएं।

#### पुलिस टीम पर पथराव में महिला गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने गोरछी गांव स्थित पूनिया ईंट भट्ठे पर पुलिस टीम पर पथराव करने के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गोरछी गांव के एक ईंट भट्ठे पर पुलिस टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। इस दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए पुलिस टीम पर पथराव किया गया तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। घटना में पुलिस कर्मियों को चोटें भी आई थीं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करके जांच करते हुए मामले में संलिप्त एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

#### राधेश्याम हत्याकांड में एक आरोपी और दबोचा

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने हत्या के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सीसवाल निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। थाना आदमपुर से निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि इस संबंध में गत एक मई को सीसवाल निवासी रामलाल ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने उसके पुत्र राधेश्याम को 30 अप्रैल को तेजधार हथियारों के साथ हमला करके चोटें मारी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में तीन आरोपियों को पहले से गिरफ्तार किया जा चुका है।

#### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने रास्ता रोककर चाकू दिखाने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीएलए चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अनूप ने बताया कि इस संबंध में पटेल नगर निवासी सज्जन कुमार ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार दीप धर्मशाला निवासी देवा उर्फ धोबी ने दीप धर्मशाला के पास उसका रास्ता रोक लिया तथा चाकू निकालकर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।



आदमपुर। कार्यक्रम स्थल का दौरा करते डीसी महेंद्र पाल, साथ है एसपी सिद्धांत जैन।

## मुख्यमंत्री आज आदमपुर में, डीसी एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

- पूर्व सीएम च. भजन लाल की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज

**हिसार।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजन लाल की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर तीन जून को उनके कर्मक्षेत्र आदमपुर स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशेष तौर पर पहुंचेंगे और चौधरी भजनलाल को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। उधर, सीएम आगमन के चलते डीसी महेंद्र पाल तथा एसपी सिद्धांत जैन ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

युवा नेता भव्य बिश्नोई ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, पूर्व विधायक रेनुका बिश्नोई, पूर्व विधायक दूड़ाराम, विधायक रणधीर पनिहार सहित भजनलाल परिवार के सदस्य तथा प्रदेशभर से अनेक राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहेंगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से शुरू होगा। आदमपुर, हिसार सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों से हजारों लोग समाधि स्थल पर पहुंचकर स्व. चौधरी भजन लाल को श्रद्धापूर्वक नमन करेंगे। उन्होंने कहा कि चौधरी भजन लाल केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि जनसेवा, विकास और जनविश्वास की एक ऐसी मिसाल थे, जिन्होंने हरियाणा की राजनीति को नई दिशा देने का कार्य किया।

#### दो दिन हिसार एयरपोर्ट के आसपास ड्रोन पर प्रतिबंध

जिलाधीश महेन्द्र पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए हिसार एयरपोर्ट तथा उसके आसपास के क्षेत्र में 3 व 4 जून 2026 तक मानव रहित हवाई वाहनों (ड्रोन आदि) के संचालन एवं उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश महेंद्र पाल ने एयरपोर्ट क्षेत्र और उसके आसपास के इलाके को ड्रोन नियम, 2025 के तहत रेड जोन घोषित किया है। जारी आदेशानुसार 3 व 4 जून 2026 तक हिसार एयरपोर्ट तथा आसपास के क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति द्वारा ड्रोन अथवा अन्य मानव रहित हवाई वाहन उड़ाना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश कानून व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी संभावित खतरे की रोकथाम के उद्देश्य से जारी किया गया है।

### जेबीएम कंपनी की ओर से रोडवेज डिपो में करवाए जा रहे कमरों के निर्माण में गड़बड़झाला

# पुरानी व राख की ईंटों से बनवाए जा रहे थे कमरे, काम रुकवाया

रोडवेज यूनियनों ने जताया विरोध

मुख्यमंत्री और उच्चाधिकारियों को भेजी शिकायत

- अधिकारी बोले- ऊपरी स्तर पर हुआ टेंडर, हमारी जिम्मा केवल देखरेख का

राजेश्वर बैनीवाल ▸▸| हिसार

राज्य परिवहन के हिसार डिपो में पांच कमरों व डग के निर्माण में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। जेबीएम कंपनी की ओर से बनवाए जा रहे इन कमरों की नींव में पुरानी ईंटों व फ्लाई ऐश ब्रिक्स (राख की ईंटें) प्रयोग में लाई जा रही हैं। हालांकि डिपो में यह कार्य दो दिन से ही शुरू हुआ था, लेकिन मंगलवार को जैसे ही यूनियन पदाधिकारियों की नजर पड़ी तो वे मौके पर पहुंच गए और काम रुकवा दिया। यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि इस निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार है और चोरी की ईंटे भी इसमें प्रयोग की जा रही है, क्योंकि जो पुरानी ईंटे प्रयोग हो रही हैं, वे रोडवेज के वर्कशॉप के कमरों की हैं और उनको प्रयोग करने की अनुमति भी नहीं ली गई है।

मिली जानकारी के अनुसार जेबीएम कंपनी की ओर से राज्य के विभिन्न जिलों में सिटी बसें चलाई जा रही हैं। इसके तहत विभिन्न डिपुओं में इन बसों के चार्जिंग सिस्टम व अन्य कार्य के लिए उन्हें जगह की जरूरत होती है। हिसार डिपो में कर्मशाला प्रांगण की तरफ इस कंपनी की बसों को वर्कशॉप के लिए जो जगह दी गई तो उस जगह में रोडवेज के पांच कमरे थे। ऐसे में कंपनी से तय हुआ कि पांच कमरों की जगह वह पांच कमरे रोडवेज को बनाकर देगी। कंपनी ने विभाग की सारी शर्तें मान लीं और तय शर्त के अनुसार टेंडर प्रक्रिया भी हो गई। टेंडर पास होते ही कंपनी ने हिसार डिपो में पांच कमरे व बसों की जांच के लिए डग पिट बनाने शुरू कर दिए और यहीं से शुरू हुआ सारा घालमेल। कंपनी की ओर से जो ठेकेदार कमरे बनवा रहा है, उसने रोडवेज प्रांगण से ही ली गई पुराने ईंटे व राख वाली ईंटे लगाकर नींव भरनी शुरू कर दी। जैसे ही मंगलवार को यूनियन पदाधिकारियों ने ये देखा तो वे मौके पर पहुंचे और ठेकेदार से कहकर काम रुकवा दिया।





हिसार। रोडवेज डिपो में कमरे बनाने के लिए प्रयोग की जा रही पुरानी व राख वाली ईंटें।

#### उच्चाधिकारियों को दी शिकायत

रोडवेज सांझा संघर्ष समिति पदाधिकारी अजय दुहन, संदीप जैनावास व अन्य ने मामले में बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री, विभाग के उच्चाधिकारियों के अलावा उपायुक्त, एंटी करप्शन ब्यूरो व अन्य को शिकायत भेजी है। शिकायत में यूनियनों ने जिम्मेवार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि डिपो महाप्रबंधक व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में यह काम हो रहा है और अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं, जो दाल में काला की तरफ इशारा करता है।

#### क्रैशर व सीमेंट भी निम्न स्तर का

अजय दुहन, संदीप जैनावास व अन्य ने आरोप लगाया कि कमरे बनाने में प्रयोग की जा रही सारी सामग्री निम्न स्तर की है। कुछ पुरानी ईंटे व बाकी राखी वाली ईंटे प्रयोग हो रही है, जो बिल्कुल कच्ची है और हाथ से ही टूट रही है। सीमेंट पर कोई ग्रेड अंकित नहीं है और क्रैशर में मिट्टी मिली हुई है। जिन ईंटों को इस सीमेंट व क्रैशर से चिपकाया गया है, वे आसानी से उखड़ रही है।

#### अधिकारियों ने माना : कुछ तो गड़बड़ है

यूनियनों के विरोध के बाद यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार मौके पर पहुंचे और कमरे बनाने में लगे मिस्त्री व मजदूरों से पूछताछ की। उन्होंने कहा कि पहले हम अपने स्तर पर जांच करवाएंगे और तब तक आगे निर्माण न किया जाए। मौके पर टीम ने माना कि पुरानी ईंटों व राखी वाली ईंटों से बनाए गए कमरे सुरक्षित नहीं है और बसों के आने-जाने से यदि कंपन होगी तो ही ये कमरे गिर सकते हैं।

#### एग्रीमेंट मंगवाया, उसके बाद जांच : टीएम

यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार ने बताया कि फिलहाल कंपनी के जो आदमी कमरे बना रहे थे या बनवा रहे थे, उनके पास विभाग से हुए एग्रीमेंट की कॉपी नहीं है। हमने एग्रीमेंट मंगवाया है, उसे देखकर ही साफ होगा कि पुराने ईंटे व राखी वाली ईंटे लगाने का एग्रीमेंट हुआ है या नहीं, तब तक हमने काम रुकवा रखा है।

#### टीएम व एसपीओ कर रहे देखरेख

डिपो महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने पूरे प्रकरण के बारे में बताया कि जेबीएम कंपनी की ओर से कमरे बनवाए जा रहे हैं। हमने इन कमरों की देखरेख के लिए यातायात प्रबंधक व एसपीओ को देखरेख का जिम्मा सौंप रखा है, वे ही पूरा काम देख रहे हैं। फिलहाल काम रूकवा दिया गया है।

#### अपहरण व हत्या के मामले में वांटेड आशीष गिरफ्तार

**हिसार।** बालसमंद चौकी पलिस ने हत्या के एक पुराने मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बालसमंद निवासी आशीष के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी बालसमंद ने बताया कि इस संबंध में राजस्थान के डूंगरगढ़ तहसील के कुलपासर निवासी अमित की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने उसकी मौसी के लड़के सुनियासर निवासी ओमप्रकाश का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी तथा शव को बालसमंद क्षेत्र के खेतों में फेंक दिया था। पुलिस ने जांच के दौरान इस प्रकरण में शामिल 10 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और 11वें आरोपी आशीष को अब गिरफ्तार कर लिया है।

## प्रॉपर्टी टैक्स के बड़े डिफॉल्टर्स नगर निगम के रडार पर

- निगम प्रशासन दिखाएगा सख्ती, यूएलबी मुख्यालय ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की ज्यादा से ज्यादा रिकवरी करने के दिए निर्देश

**हिसार।** बकाया प्रॉपर्टी टैक्स लेकर अब नगर निगम प्रशासन सख्ती दिखाएगा। पहले चरण में बड़े डिफॉल्टर्स निगम के रडार पर रहेंगे। बकाया प्रॉपर्टी टैक्स लेकर यूएलबी मुख्यालय में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें निगमायुक्त नीरज भी उपस्थित रहे। बैठक में बकाया प्रॉपर्टी टैक्स को ज्यादा से ज्यादा रिकवरी करने के निर्देश दिए गए। निगम प्रशासन शहरवासियों बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जल्द से जल्द अदायगी करने की अपील की है। सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स बकायादारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष छूट दी जा रही। इस योजना के तहत वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का एकमुश्त भुगतान करने पर 100 प्रतिशत ब्याज माफी का लाभ दिया जा रहा है। इस विशेष योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। इसके अलावा, ऑनलाइन माध्यम से टैक्स जमा कराने वाले नागरिकों को अतिरिक्त 1 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जाएगी।

#### बड़े बकायादारों पर होगी कार्रवाई

बैठक के बाद निगमायुक्त नीरज ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जल्द से जल्द जमा करवाएं।



उन्होंने स्पष्ट किया कि जो बड़े डिफॉल्टर्स लंबे समय से टैक्स का भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर नगर निगम विशेष निगरानी कर रहा है। निगमायुक्त ने कहा कि नागरिकों को टैक्स भुगतान में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नगर निगम कार्यालय में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चार कैश काउंटरों के माध्यम से भी टैक्स जमा कराया जा सकता है।

#### विदेश भेजने के नाम पर 58.8 लाख ठगने का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हिसार।** पीएलए पुलिस चौकी ने विदेश भेजने एवं सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जींद जिले के शादीपुरा निवासी प्रवीण के रूप में हुई है। मामले में शामिल दो अन्य आरोपी जींद के ही रामकली निवासी राकेश एवं दिलावर पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। चौकी प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में जिले के मीरकां गांव निवासी रवि कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह हिसार में स्पाइन स्पोर्ट्स अकादमी संचालित करता है। आरोपियों ने उसे विदेश भेजने तथा सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे कुल 58 लाख 80 हजार रुपये ठग लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज करके जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया।

सतर्कता | डीसी ने अधिकारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर 20 तक सफाई पूरी करने के दिए निर्देश

# हांसी में 42 ड्रेन, 45 प्रतिशत की सफाई का काम पूरा

- बरसाती मौसम से पहले जल निकासी प्रबंधों को लेकर प्रशासन अलर्ट
- डीसी बोले- 8 ड्रेनों की जल निकासी क्षमता बढ़ाई जाएगी, प्रस्ताव भेजे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

उपायुक्त राहुल नरवाल ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर बरसाती पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने डीसी को बताया कि जिले में ड्रेनों की सफाई का कार्य लगातार जारी है। जिले में कुल 42 ड्रेन हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 242 किलोमीटर है। इनमें से अब तक लगभग 110 किलोमीटर लंबाई की ड्रेनों की सफाई का कार्य पूरा किया जा चुका है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए ड्रेनों की साफ-सफाई के कार्य में और तेजी लाई जाए तथा 20 जून तक सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई या कोताही सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि ड्रेनों से निकलने वाले कूड़ा-करकट को तुरंत उठाकर निर्धारित स्थानों पर डलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि दोबारा जल निकासी में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि बरसाती मौसम के दौरान किसी भी रिहायशी अथवा ग्रामीण क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

- 242 किलोमीटर है ड्रेनों की कुल लंबाई
- 110 किमी तक सफाई कार्य पूरा



हांसी। बरसाती पानी निकासी के लिए किए प्रबंध देखते डीसी राहुल नरवाल।

#### जानें... किस ड्रेन की कितनी क्षमता बढ़ेगी

बीएमपीसी ड्रेन की जल निकासी क्षमता 323 क्यूसिक से बढ़ाकर 645 क्यूसिक, बास ड्रेन-ए की क्षमता 10 से बढ़ाकर 20 क्यूसिक, बास-खरबला लिंक ड्रेन की क्षमता 30 से बढ़ाकर 60 क्यूसिक, पुट्ठी मंगल खां लिंक ड्रेन की क्षमता 30 से बढ़ाकर 55 क्यूसिक, हांसी ड्रेन की क्षमता 270 से बढ़ाकर 600 क्यूसिक, एचएमपीसी ड्रेन की क्षमता 270 से बढ़ाकर 620 क्यूसिक तथा सिसाय ड्रेन की क्षमता 114 से बढ़ाकर 220 क्यूसिक करने का प्रस्ताव भेजा गया है। सरकार से स्वीकृति प्राप्त होते ही इन ड्रेनों की चौड़ाई बढ़ाने और जल निकासी क्षमता को मजबूत करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

#### बिजली निगम ने किए अतिरिक्त इंतजाम

बिजली निगम ने बताया कि पिछले साल की भारी बरसात से सबक लेते हुए इस बार नई लाइनें बिछाई गई हैं और एच-पोल लगाए गए हैं, ताकि जरूरत पर तुरंत ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति चालू रखी जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजेश खोथ, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विनोद वर्मा, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी, सिंचाई विभाग के एसडीओ विवेक गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता प्रदीप दुहन, कनिष्ठ अभियंता दीपक, कनिष्ठ अभियंता आशीष कुमार, उमरा गांव के सरपंच विनोद गांधी, ठेकेदार प्रदीप तालु सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हांसी में सड़कों पर कूड़ा फेंकने पर छह लोगों के काटे चालान

**हांसी।** शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे विशेष विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर परिषद की टीम ने विश्वकर्मा चौक क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को 6 लोगों के चालान किए।

नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद कुछ लोग सरेआम सड़क पर कूड़ा-कचरा डालकर न केवल शहर की सुंदरता खराब कर रहे हैं, बल्कि गंदगी फैलाकर आमजन के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ नगर परिषद द्वारा सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। स्वच्छता अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने विश्वकर्मा चौक के आसपास निरीक्षण किया, जहां कई लोग सड़क किनारे कूड़ा फेंकते पाए गए। टीम ने मौके पर ही छह लोगों के चालान काटे तथा उन्हें भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने की चेतावनी भी दी गई।



हांसी। सड़क पर छिलके फेंकने वाले चालान करते नप अधिकारी।



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

## लाइफ Style

# तृप्ति

## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।

एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।




## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।



# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला





# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताई। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*



***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियनः अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियनः अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियनः अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगंगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

## खबर संक्षेप

### खर्चे का हिसाब नहीं देने वाले उम्मीदवारों में हड़कंप

**आदमपुर।** वर्ष 2022 में हुए पंचायत चुनाव में खर्च का हिसाब किताब न देने वाले चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को जिला प्रशासन ने नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में जमा न कराने पर जुर्माना व चुनाव लड़ने के अयोग्य भी घोषित किया जा सकता है। इन उम्मीदवारों में जिला परिषद, ब्लॉक समिति ,सरपंच व पंच पदों के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार शामिल है। नोटिस मिलने के बाद इन उम्मीदवारों में हड़कंप मच गया है।

### पार्षद ने किया शौचालय नवीनीकरण का शुभारंभ

**हिसार।** शहर के वार्ड 13 में स्थित डीसीएमसी कॉलोनी में स्थित सार्वजनिक शौचालय के पूर्ण नवीनीकरण के लिए वार्ड के पार्षद संजय डालमिया ने रिबन काट कर शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि यह सार्वजनिक शौचालय लंबे समय से जर्जर एवं उपेक्षित अवस्था में था, जिसके कारण स्थानीय निवासियों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं बाजार में आने-जाने वाले लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। इस मौके पर डीसीएमसी कॉलोनी के प्रधान राजू तंवर, अग्रवाल सेवा समिति अर्बन एस्टेट-2 के प्रवक्ता वीरेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### सतीश सिंगला को मिली डीडी पावर

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में कॉमर्स विभागाध्यक्ष सतीश सिंगला को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा ने डीडी पावर प्रदान की। गौरतलब है कि 31 मई को राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य सतबीर सिंह सांगा की सेवानिवृत्ति के बाद प्राचार्य पद खाली हुआ था। सिंगला को उच्चतर शिक्षा विभाग में 25 वर्षों से अधिक का शैक्षणिक अनुभव है।

### रामनिवास घिराइया के निधन पर शोक जताया

**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति ने समिति के वरिष्ठ सदस्य एसआई राजेश शर्मा घिराइया के पिता समाजसेवी रामनिवास घिराइया के निधन पर शोक प्रकट किया है। समिति के सरपरस्त एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स, समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा, संस्थापक अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा व सदस्यों ने कैंची चौक स्थित घिराइया निवास पर जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए व उनके द्वारा समाज को दिए गए योगदान को याद किया।

### योग शिविर में सैकड़ों साधकों ने लाभ उठाया

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ के जिंदल पार्क नजदीक न्यू क्लॉथ मार्किट में चल रहे तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के दूसरे दिन इंडियन डेंटल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. अर्चना खतरेजा, कोषाध्यक्ष डॉ. रिंकू मित्तल व हनुमान चालीसा सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन करके शुभारम्भ किया गया। योगाचार्य डॉ. सुनील कक्कड़, राजकवर मास्टर व संतोष रानी ने योग सिखाया व योग क्रियाएं सिखाई। सैंकड़ों साधकों ने शिविर में भाग लिया।

### सरकार ने बैरागी समाज का बढ़ाया मान : बीरबल

**हिसार।** सरकार द्वारा कैप्टन योगेश बैरागी को समाज कल्याण विभाग का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर जिला बैरागी के प्रधान बीरबल स्वामी ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त चेयरमैन को शुभकामनाएं दी हैं। बीरबल स्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। समाज कल्याण विभाग की जिम्मेदारी मिलने से विभाग की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में और अधिक गति मिलेगी।

### मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव 11 को

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान व प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर 11 जून को प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री रणबीर गंगवा के आवास का घेराव किया जाएगा।

## असंतुलित लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी के उपायुक्त ने दिए निर्देश

# सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें: पाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में मंगलवार को उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में पीएनडीटी तथा एनकोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने ड्रग कंट्रोल विभाग को मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि बिना डॉक्टर की पर्ची के ऐसी दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाई जाए, जिनका दुरुपयोग नशे के रूप में किया जा सकता है। इसके साथ ही सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे सुनिश्चित किए जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर रिकॉर्ड की जांच की जा सके। एनकार्ड बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया की गत माह पुलिस विभाग द्वारा 30 केस दर्ज किए गए हैं। ड्रग एडिक्शन से संबंधित ओपीडी में 2741 लोगों की जांच की गई हैं। बैठक में नशा मुक्त भारत अभियान की प्रगति, डी-एडिक्शन सेंटरों की स्थिति, जागरूकता कार्यक्रमों तथा एनडीपीएस मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता एवं काउंसलिंग कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए।



हिसार। बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

- पीएनडीटी तथा एनकोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित
- मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच के दिए निर्देश

### ये रहे मौजूद

बैठक में बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, उप सिविल सर्जन डॉ सुभाष खतरेजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### रेड करने के दिए निर्देश

बैठक के दूसरे सत्र में पीएनडीटी एवं एमटीपी एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई, जिले के लिंगानुपात और जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को पीएनडीटी मामलों में रेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे लिंग जांच संबंधी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना प्रशासन को दें। असंतुलित लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा संबंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए गए।

## हथियार सप्लाई नेटवर्क तक पहुंची पुलिस, आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**हांसी।** पुलिस द्वारा हथियार सप्लाई नेटवर्क से जुड़े एक आरोपी तरुण उर्फ बच्ची को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिसार निवासी तरुण उर्फ बच्ची के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। अपराध शाखा पुलिस द्वारा की जा रही जांच के दौरान पुलिस ने अनंत उर्फ मोटा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो अवैध पिस्तौल, पांच मैगजीन और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। मामले की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त में शामिल दूसरे आरोपी तरुण उर्फ बच्ची की भूमिका सामने आई। इसके बाद पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर लाकर न्यायालय में पेश किया और हथियारों के स्रोत तथा सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दिए हैं। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अवैध हथियार कहां से लाए गए, किन लोगों तक पहुंचाए गए और इस नेटवर्क में अन्य कौन-कौन शामिल हैं।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया 106वां कोर दिवस

# सेना शिक्षा कोर आज सुदृढ़ एवं गौरवशाली स्थिति में : सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



सेना शिक्षा कोर के सेवारत अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों, नॉन-कमीशंड अधिकारियों तथा पूर्व सैनिकों (वेटरन्स) ने सेना शिक्षा कोर का 106वां कोर दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान सूबेदार मेजर सोमवीर सांगवान ने उपस्थित अतिथियों को संबोधित करते हुए सेना शिक्षा कोर के स्वर्णिम इतिहास के पन्नों को बड़ी आत्मीयता एवं विस्तार से उद्घाटित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1921 में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान तत्कालीन सेना की शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सेना शिक्षा कोर की स्थापना की गई थी। समय की धारा के साथ-साथ इस कोर ने स्वयं को निरंतर परिवर्तित एवं परिष्कृत किया। उन्होंने कहा कि सेना शिक्षा कोर आज जिस सुदृढ़ एवं गौरवशाली स्थिति में खड़ी है, उसकी मजबूत नींव उन पुरोधाओं और वेटरन्स के अथक परिश्रम, त्याग और समर्पण से निर्मित हुई है, जिन्होंने अपने ज्ञान और कर्म से इस संस्था को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं।

### ये रहे मौजूद

लेफ्टिनेंट कर्नल मनीषा डबास, सेवानिवृत्त वेटरन ऑनरेरी कैप्टन सुंदर सिंह गोयत, ऑनरेरी कैप्टन सिंह फोगाट ,जगमाल सिंह, बलबीर सिंह, सत्यबीर सिंह कालीरमण, हरिओम शर्मा, योगेंद्र सिंह, सूबेदार ,त्रिलोक चंद शर्मा, मेजर सुरेश कुमार गुप्ता, जगबीर सिंह ढांडा, सतपाल सिंह, सुधीर माछरा, बलवान सिंह, सूबेदार सुरेश श्योराण आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने सट्टा लगवाने के जुर्म में दुकानदार को पकड़ा, नकदी बरामद

**नारनौंद।** पुलिस ने गांव गामड़ा में कार्रवाई करते हुए सट्टा खाईवाली कर रहे एक दुकानदार को पकड़ा है। उसके पास से 5500 रुपये बरामद किए गए हैं। मुख्य सिपाही विजय ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध जांच के दौरान गांव गामड़ा बस स्टैंड पर मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव गामड़ा निवासी भगवानदास अपनी किराना की दुकान के बाहर सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए एक कर्मचारी को बोगस ग्राहक बनाकर उसके के पास भेजा। जैसे ही आरोपित युवक ने सट्टा लगवाने के लिए रुपये ले लिए तो तुरंत ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके के कब्जे से सट्टा पर्चियां, एक पेन तथा सट्टेबाजी से संबंधित 5500 रुपये भी बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपित दुकानदार लोगों को अधिक धनराशि का लालच देकर विभिन्न नंबरों पर सट्टा लगवा रहा था।

## संजय कायत बने भारत-तिब्बत समन्वय संघ के प्रांत संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



रेडियो एवं टीवी कलाकार संजय कायत को भारत तिब्बत समन्वय संघ का प्रांत संयोजक (सांस्कृतिक प्रभाग) का दायित्व दिया गया है। संगीत, साहित्य और कला मंच के प्रमुख स्तंभ और जानकार संजय कायत इससे पहले भी बीजेपी में कई पद पर कार्य कर चुके हैं। वे स्वयं अंतरराष्ट्रीय कलाकार हैं और अनेक विद्यार्थियों को संगीत नृत्य की ट्रेनिंग दे चुके हैं और दूरदर्शन से (बी ग्रेड) आर्टिस्ट है। राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों बार अपनी कला का लोहा मनवा चुके है और राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी हो चुके हैं। वे हरियाणा कला परिषद में बतौर सलाहकार के रुप में अपनी सेवाए दे चुके हैं।

## 5 जून से रात्रि ठहराव बंद कर 6 जून से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**हिसार।** हिसार डिपो के रोडवेज कर्मचारियों की लंबित मांगों के लिए सांझा संघर्ष समिति हिसार डिपो के बैनर तले चल रहा धरना मंगलवार को 19वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अनूप श्योकंद ने की, जबकि मंच संचालन मंजीत सोरखी ने किया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों के संबंध में महाप्रबंधक द्वारा अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया है और न ही लंबित भत्तों का भुगतान किया गया है। सांझा संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 5 जून से रोडवेज कर्मचारियों द्वारा रात्रि ठहराव बंद कर दिया जाएगा तथा 6 जून से हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। धरने में बजरंग लाखा, अरुण शर्मा, अनूप श्योकंद, शिवकुमार श्योराण, जोगेंद्र पंघाल, अजय दुहन, नरेंद्र खरड़, अमित जुगलान, कर्मबीर मसूदपुर, संदीप जैनावास, पवन कनोह, दर्शन जांगड़ा, संदीप सैनी, सुल्तान, वीरेंद्र किरतान, मंजीत सोरखी दयानंद सरसाना, अनूप सातरोड मौजूद रहे।

## गुजवि के सीडीओई का दाखिला पोर्टल शुरू



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) की शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स ऑपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) तथा ऑनलाइन मोड में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मंगलवार को दाखिला पोर्टल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर, सीडीओई के निदेशक प्रो. खुजान सिंह, पीडीयूसीआईसी के निदेशक मुकेश अरोड़ा सहित शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, तकनीक आधारित एवं किफायती उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के अनुरूप दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाया गया है ताकि विद्यार्थी अपने घर के निकट रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

## दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सिज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि एक जून से बढ़ाकर 8 जून कर दी गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सिज में दाखिले के लिए अब इच्छुक उम्मीदवार 8 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिलों के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है।

## स्टडी सर्किल का सत्र में दी एआई की जानकारी



**हिसार।** टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्टडी सर्किल की प्रथम बैठक एवं तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट विनोद जांगड़ा मुख्य वक्ता थे। सीए विनोद जांगड़ा ने टैली के आगामी फीचर, डिजिटल अकाउंटिंग में हो रहे नए बदलावों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से टैली डाटा एनालिसिस के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भविष्य में एआई आधारित तकनीकों के माध्यम से लेखांकन एवं कराधान कार्यों में किस प्रकार दक्षता एवं सटीकता बढ़ाई जा सकेगी। इस अवसर पर टैक्स बार एसोसिएशन डिस्ट्रिक्ट हिसार के प्रधान अजय कुमार भारद्वाज, अधिवक्ता, कोषाध्यक्ष सीए मनल चावला विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में नरेन्द्र कुमार सैनी, भारत भूषण कथूरिया, मनीष कुमार, वीरेंद्र कुमार, मनोज गर्ग, रोहित मित्तल, सीए कमल चैधरी, जगदीप शर्मा, मुकेश, जय कुमार बंसल, पवन कुमार तनेजा, मनोज सलूजा, अजय कुमार गर्ग, भारत भूषण शर्मा, शिव कुमार सोनी, सुनील एलावादी, अशोक कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी



### वार्ड एक में स्वच्छता अभियान कल से

**हिसार।** हरियाणा में 4 व 5 जून को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में एक वार्ड का चयन किया जाएंगा। हिसार नगर निगम क्षेत्र में वार्ड एक को इस विशेष अभियान के लिए चुना गया है। अभियान की तैयारियों को लेकर मंगलवार को वार्ड एक में वार्ड कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद सरोज जैन ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, सीएमजीजीए अमोल मधुकर, जेई विकास पूनिया, जेई सुमित नुनाच, सुपरवाईजर नरेन्द्र श्योराण, एएसआई राहुल, सुनीता रहेजा, बलबीर सिंह, मधू मंडन, अनिल, वार्ड कमेटी के सदस्य आदि मौजूद रहे। बैठक के दौरान वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पार्षद सरोज जैन ने बताया कि 4 और 5 जून को वार्ड एक में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए वार्ड के सभी प्रमुख स्थलों और स्थानों की पहचान कर ली गई है। अभियान के दौरान पूरे वार्ड में विशेष सफाई कार्य किया जाएगा ताकि क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

### आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**हांसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) हांसी तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य भूप सिंह ने बताया कि हांसी में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 2 जून से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्थान प्रशासन ने युवाओं से समय रहते आवेदन करने और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का आह्वान किया है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) हांसी की ओर से बताया गया कि संस्थान में कटाई एवं सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक तथा स्टेनो हिंदी व्यवसायों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके साथ-साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हांसी में भी सत्र 2026-27 के लिए 41 यूनिटों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### अवैध शराब बेचने पर दो युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस अवैध शराब तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना बास तथा थाना नारनौंद पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से कुल 23 बोतल अवैध शराब बरामद की है। थाना बास में तैनात सहायक उप निरीक्षक जसबीर सिंह ने जानकारी दी की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांव उगालन निवासी जगदीश अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को काबू किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 12 बोतल देशी शराब बरामद हुई। दूसरे मामले में पुलिस चौकी मिर्चपुर में तैनात उप निरीक्षक कर्मबीर सिंह को सूचना मिली कि रवीन्द्र उर्फ शीला निवासी गांव कोथ कला अवैध शराब लेकर आने वाला है। सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी कर उसको को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 11 बोतल देशी शराब बरामद हुई।



### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण नैनीताल एवं आसपास के प्रमुख पर्यटन, धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों के लिए आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नैनी झील, नैना देवी मंदिर, कॉर्बेट वाटरफॉल, कैंची धाम व अन्य प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता, स्थानीय संस्कृति एवं धार्मिक विरासत का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। विशेष रूप से कैंची धाम में विद्यार्थियों ने आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया, वहीं कॉर्बेट वाटरफॉल की प्राकृतिक छटा ने सभी को आकर्षित किया। भ्रमण का संचालन कॉलेज की प्राचार्या डॉ॰ पूर्णिमा लोहान एवं प्रेम सुख व सतीश कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कॉलेज की प्राचार्या ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होते हैं।

### भवन निर्माण मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**नारनौंद।** भवन निर्माण मजदूर संघ (इंटक) की बैठक गांव पाली में हुई। अध्यक्षता नारनौंद तहसील के प्रधान फूल कुमार मिलकपुर ने और संचालन तहसील नारनौंद भवन निर्माण मजदूर संघ की उपाध्यक्ष सुमन देवी ने किया। मुख्य वक्ता भवन निर्माण मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोहान ने कहा कि भाजपा सरकार मजदूर के साथ अत्याचार कर रही हैं। भाजपा की जन विरोधी नीतियों का निंदा की। उन्होंने बताया कि भवन एवं अन्य कर्मकार कल्याण बोर्ड व मनरेगा मजदूरों के पोर्टल को 11 महीने से बंद किए हुए हैं। मजदूर को मिलने वाले कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन सरकार ने रोके हुए हैं। मजदूर में काफी रोष है। यूनियन ने आवाहन किया है कि 22 जून को नारनौद तहसील में मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री के पुतले का दहन करेंगे। इससे पहले सरकार इस मुद्दे को बातचीत द्वारा हल करने की कोशिश करें अन्यथा संयुक्त निर्माण मोर्चा और बड़ा कदम उठा करने पर मजबूर होगा।

### धार्मिक शिक्षा से बच्चे संस्कारवान बनेंगे

**उकलाना।** स्थानीय जैन स्थानक में 10 दिवसीय जैन संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर प्रवचन देते हुए मधुर भाषिणी प्रवचन प्रभाविका महा साध्वी श्रुति जी महाराज ठाणे-5 ने कहा कि बच्चों को धार्मिक शिक्षा से जोड़ना समय की आवश्यकता है। जो बालक धर्म की शिक्षा ग्रहण करेगा, वह आगे चलकर संत बनने की प्रेरणा प्राप्त करेगा और भगवान तीर्थंकर बनने जैसे उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर होने का प्रयास करेगा। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को ऐसे संस्कार शिविरों में अवश्य भेजना चाहिए, जिससे उनमें धर्म, नैतिकता और उत्तम संस्कारों का विकास हो सके। इस अवसर पर समाजसेवी सुगनचंद गोयल, सभा के प्रधान रामचंद्र जैन, सचिव सूर्यप्रकाश जैन, दिनेश बंसल, नितिन जैन, हनुमान जैन, संतोष जैन, निशा जैन, बबीता जैन, पूनम जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आर्ट कैंप

### वर्तमान समय में शिक्षा के साथ कौशल विकास जरूरी : सैनी

### रंगोत्सव 2026 के तीसरे दिन बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

# नन्हे हाथों ने किया कमाल, अपनी कल्पनाओं को दिया इंद्रधनुषी रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार : रंगोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

आकार वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित निशुल्क समर आर्ट कैंप रंगोत्सव 2026 के तीसरे दिन बच्चों का उत्साह देखते ही बना। आर्ट कैंप में भाग ले रहे बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को सुंदर कलाकृतियों का रूप दिया तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास की सराहना की। तीसरे दिन मुख्य अतिथि गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल विवेक सैनी थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल ज्ञान प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपनी गति और कौशल को भी निरंतर विकसित करना आवश्यक है। ये प्रतिस्पर्धा का युग है, इसलिए विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को निखारते हुए नए कौशल सीखने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि आर्ट कैम्प का उद्देश्य बच्चों को कला के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करना तथा उनकी सृजनात्मक क्षमता का विकास करना है।

## बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे मतदाताओं का सत्यापन

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में प्रशासन का पूरा सहयोग करें नागरिक : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी 15 जून से संचालित किए जाने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने जिलावासियों से सहयोग की अपील की है। मंगलवार को पत्रकारवार्ता में एडीसी ने कहा कि यह प्रक्रिया मतदाता सूचियों की शुद्धिकरण की प्रक्रिया है।

बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से पात्र मतदाताओं की सही जानकारी दर्ज कर मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत के साथ ही बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य करेंगे। इस दौरान नए पात्र मतदाताओं की पहचान करने के साथ-साथ मतदाता सूची में मौजूद त्रुटियों को भी दूर किया जाएगा। नागरिकों के लिए 12 प्रकार के पहचान पत्रों का विकल्प दिया गया है। जानकारी प्राप्त करने के बाद नागरिकों को भी सूचना से संबंधित एक प्रति दी जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि एसआईआर के लिए क्वालिफाईंग तिथि एक जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इस तिथि को 18 साल की आयु पूरी कर चुके युवा अपनी नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं।

### सूचना

मैं, राधेश्याम पुत्र श्री जय नारायण निवासी लांघडी सुख लम्ब्राण, तहसील व जिला हिसार बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र कुलवन्त जो कि मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपने पुत्र कुलवन्त को अपनी तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ भविष्य में जो भी कोई मेरे पुत्र से किसी प्रकार का लेन देन/व्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

खबर संक्षेप

### मोबाइल चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद किया है। मुल्तानी चौक निवासी सन्नी ने शिकायत दर्ज करवाई थी। गहनता से निरीक्षण करते हुए तेलियान मोहल्ला निवासी नीरज व डोगरान मोहल्ला निवासी सोमबीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है।

### हेरोइन बरामदगी मामले में असल सप्लायर काबू

**हिसार।** मंगाली पुलिस चौकी ने 11 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में असल सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि गत 21 मई को पुलिस ने मंगाली मोहब्बत निवासी रविन्द्र को 11 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। मामले की जांच एवं पूछताछ के दौरान आरोपी रविन्द्र ने खुलासा किया कि वह यह हेरोइन पीरांवाली निवासी लवप्रीत उर्फ लक्की से लेकर आया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी लवप्रीत उर्फ लक्की को गिरफ्तार कर लिया है।

### 8.150 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**हिसार।** एंटी नारकोटिक सैल टीम ने अग्रोहा में एक नशा तस्कर को काबू किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी मल्लापुर निवासी राहुल उर्फ गब्बर से 8 ग्राम 150 मि.ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस टीम के साथ अग्रोहा क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर राहुल को गिरफ्तार करके तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई।

### चेकिंग अभियान में 8 ग्राम हेरोइन बरामद

**हिसार।** पुलिस की स्वेट कमांडो टीम-1 एवं डॉग स्क्वॉड टीम ने थाना उकलाना के एएसआई संजीव कुमार के नेतृत्व में गांव मुगलपुरा में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीमों द्वारा गांव के विभिन्न संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली गई तथा अवैध नशे से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों के मकानों की भी जांच की गई। तलाशी अभियान के दौरान गांव के कुलदीप से लगभग 8 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उस पर केस दर्ज कर लिया है।

### राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में समर कैंप

**बरवाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय नहर कोठी बरवाला में भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के पहले दिन अध्यापक मनोज कुमार ने बच्चों को नमस्ते और धन्यवाद जैसे शब्दों का प्रयोग करना, स्वयं का परिचय देना और खेल के माध्यम से भाषा को सीखना तथा भाषा संवाद के बारे में बताया। अध्यापक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि भाषा का सम्पूर्ण ज्ञान हमारे व्यक्तित्व में निखार लाता है और हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। इस मौक़े पर स्कूल प्रभारी रमेश चन्द्र, मनोज कुमार, सुरेंद्र कुमार व सफ़ाई कर्मी मुकेश अठवाल मौजूद रहे।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ का सम्मेलन में निर्णय

# शिक्षा बचाने के लिए आंदोलन और तेज करेगा अध्यापक संघ



हिसार। अध्यापक संघ के राज्य कौंसिल सम्मेलन में भाग लेते संगठन पदाधिकारी व अन्य संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सम्मेलन के दूसरे दिन 19 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ का दो दिवसीय राज्य कौंसिल सम्मेलन मंगलवार को संपन्न हो गया। सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित सांगठनिक सत्र में प्रदेश के 19 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए संगठनात्मक रिपोर्ट पर चर्चा की तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के सुझाव दिए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यापक नेता एवं रिटायर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष वजीर सिंह ने संगठन के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त किया और शिक्षा बचाने की लड़ाई को समवैचारिक संगठनों के साथ मिलकर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने स्कूलों में बाल सभाओं के गठन पर विशेष बल दिया। महिला सत्र में शुभा ने संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के विषय पर अपने विचार रखे। सम्मेलन में पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षा बोर्ड को बचाने, पाठ्यक्रम के सांप्रदायिकीकरण को रोकने, आठवें वेतन आयोग को लागू करने तथा संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

## प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया

राज्य प्रधान प्रभु सिंह ने बताया कि अंतिम सत्र में सभी रिपोर्टों और प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। उन्होंने संगठन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने और शिक्षा बचाने के आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया। साथ ही अध्यापक संघ के मुखपत्र के विस्तार और उसकी पहुंच बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया गया। सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने तथा निदेशालय स्तर पर लंबित मामलों के विरोध में 9 जून को पंचकूला स्थित शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा 29 जून को अव्यावहारिक टेट नीति से राहत देने, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, रिक्त पदों को भरने तथा गैर-शैक्षणिक कार्यों पर रोक लगाने की मांग को लेकर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला स्तर पर भूख हड़ताल आयोजित की जाएगी।




# मेरी मां के संघर्ष और प्रिंसिपल की सीख ने जिंदगी बदल दी

मुझे आज भी अपने पुराने दिन याद आते हैं। मैंने अपनी शिक्षा सरकारी और निजी दोनों ही तरह के स्कूलों से प्राप्त की। मैं एनवाईपीएस स्कूल में पढ़ी और बाद में वहीं से मैंने टीचिंग की शुरुआत भी की। जब मैंने शुरुआती दिनों में क्लास लेनी शुरू की, तो कुछ बड़े बच्चे बहुत शोर मचा रहे थे। मेरे बार-बार कहने के बाद भी वे नहीं मान रहे थे। मायूस मन के साथ मैं उस समय की प्रिंसिपल यशोदा माथुर के पास गई और क्लास की स्थिति बताई। उसके बाद वे खुद मुझे क्लास में लेकर गईं। मैंने देखा कि जो बच्चे मेरी बात नहीं मान रहे थे, वे प्रिंसिपल को देखते ही शांत बैठ गए। तब प्रिंसिपल माथुर ने मुझे अकेले में समझाया, क्लास को खुद कंट्रोल करना सीखो, इन परिस्थितियों के लिए कभी प्रिंसिपल के पास मत आओ। प्रिंसिपल माथुर की इस सीख ने मेरे जीवन को बदल दिया और यह मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। इसी सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प के दम पर मैंने एक लंबा और शानदार टीचिंग करियर तय किया और वर्ष 2010 में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुई।

## सरकारी स्कूली शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व था



सुदेश कालड़ा

वह हमारा दौर था जब सरकारी स्कूली शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व था। उस दौर में निजी स्कूल बहुत छोटे होते थे और अक्सर एक कमरे में ही चला करते थे। अधिकतर माता-पिता बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाना पसंद करते थे, लेकिन आज परिस्थितियां बिल्कुल उलट हैं। आज लोग बच्चों को पढ़ाना प्राइवेट स्कूल में चाहते हैं, लेकिन नौकरी सरकारी ढूंढते हैं।

## बेहद विकट परिस्थितियों में मेरा पालन-पोषण हुआ

मेरे जन्म का किस्सा भी बेहद भावुक करने वाला है। भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय हमारा परिवार विस्थापित होकर आया था और शरणार्थी शिविर में रहता था। उसी शिविर में बेहद कठिन हालातों के बीच मेरा प्री-मैच्योर जन्म हुआ। मेरे जन्म के समय मेरी नानी और दादी दोनों साथ थीं। मुझसे बड़ी दो बहनें और थीं। मेरी कमजोर स्थिति को देखकर दादी ने कहा था, बच जाएगी तो ठीक, न बची तो कोई बात नहीं। लेकिन मेरी नानी ने उम्मीद नहीं छोड़ी और कहा, यह बच जाएगी, बस इसे कुछ दिन बकरी का दूध पिलाना होगा। मुझे जिंदगी देने और बचाने के लिए मेरी मां ने बकरी पाली और बेहद विकट परिस्थितियों में मेरा पालन-पोषण किया। मैं अपनी मां ईश्वरी देवी की जीवनभर के लिए धन्यवादी हूं।

## मेरी मां की चिंता और पिता के अटूट भरोसे ने दिया हौसला

मुझे आज भी अपने बचपन के वो दिन बेहद याद आते हैं। मेरी शुरुआती शिक्षा एक सरकारी प्राथमिक स्कूल में हुई थी। उन दिनों स्कूल में हमसे तख्ती लिखवाई जाती थी और मेरी लिखावट बहुत सुंदर हुआ करती थी। एक दिन का किस्सा है मैंने जैसे ही अपनी सुंदर अक्षरों वाली तख्ती लिखकर सूखने के लिए रखी, क्लास के एक बच्चे ने शरारत में उस पर पैर रख दिया। यह देखकर मुझे इतना गुस्सा आया कि मैंने वही लकड़ी की तख्ती उठाकर उसके सिर पर मार दी। उसके सिर से खून बहने लगा। स्कूल की छुट्टी होने के बाद मैं घबराकर घर पहुंची और सारी बात अपने माता-पिता को सच-सच बता दी। शाम को वह लड़का अपने माता-पिता के साथ हमारे घर शिकायत लेकर आ गया, लेकिन अच्छी बात यह रही कि उसने सबके सामने तख्ती पर पैर रखने की बात मान ली और बात वहीं शांत हो गई।मुझे बचपन से ही खेलकूद का बहुत शौक था और मैं हॉकी खेलती थी। उस जमाने में भी मैं हॉकी के मैचों के लिए हिसार से बाहर दूसरे क्षेत्रों में जाया करती थी।



कमला सैनी

स्कूल के दिनों में मेरे पास एनसीसी एयरविंग थी। जब परेड के दिन मैं घर से एनसीसी की यूनिफॉर्म (पैंट-शर्ट) पहनकर निकलती थी, तो मेरी मां अक्सर एतराज जताते हुए कहती थीं कि घर से यह पैंट-शर्ट पहनकर मत जाओ, लोग देखेंगे तो क्या कहेंगे। लेकिन मेरे पिता हमेशा मेरी ढाल बनते और कहते, मुझे अपनी बेटी पर पूरा भरोसा है। मुझे लोगों से क्या लेना-देना! पिता की यह बात मेरे दिल में उतर गई और मैंने तय किया कि मैं कभी उनका यह भरोसा टूटने नहीं दूंगी। ऐसा ही एक और वाकया याद आता है जब स्कूल से हमारा 30 दिन का एक टूर जा रहा था। मैंने उसमें अपना नाम लिखवा दिया। मेरे पिताजी ने मुझे जाने की इजाजत दे दी, लेकिन मेरे भाई को इस पर थोड़ा एतराज हुआ। उसने पिताजी से शिकायत की कि आप इसे तो जाने दे रहे हो, मुझे क्यों नहीं भेजते? तब पिताजी ने उसे बड़े प्यार से समझाया था, जब तुम्हारा वक्त आएगा, मैं तुम्हें भी नहीं रोकूँगा। पिता के इसी खुले विचारों और सपोर्ट ने मुझे जीवन में आगे बढ़ने का हौसला दिया।

# शहीद राम स्वरूप की स्मृति में बनेगा शहीद स्मारक

- ग्राम पंचायत मिलकपुर ने दी भूमि उपलब्ध कराने की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद उप-निरीक्षक (जीडी) राम स्वरूप की स्मृति को चिरस्थायी बनाने की दिशा में ग्राम पंचायत मिलकपुर ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंचायत ने गांव के शहीदी पार्क में शहीद स्मारक निर्माण के लिए स्थान उपलब्ध कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया है। ग्राम पंचायत मिलकपुर की बैठक सरपंच भीम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें शहीद राम स्वरूप के सम्मान में स्मारक निर्माण पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पंचों ने कहा कि शहीद राम स्वरूप ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था और उन्हें शहीद का दर्जा प्राप्त है। ऐसे वीर सपूत की स्मृति को सहेजना पूरे गांव और क्षेत्र का गौरव है। पंचायत ने निर्णय लिया कि गांव के शहीदी पार्क में शहीद स्मारक के निर्माण के लिए आवश्यक स्थान उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके त्याग, साहस और देशभक्ति से प्रेरणा ले सकें। प्रस्ताव को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है।



शहीद रामस्वरूप यादव

इस संबंध में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ), बवानी खेड़ा कार्यालय द्वारा भी ग्राम पंचायत से शहीद राम स्वरूप की मूर्ति एवं स्मारक निर्माण के लिए अनुमति संबंधी प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया था।

## बिजली-पानी की मांग पर मुकदमा दर्ज करना निंदनीय : मनोज राठी

**हांसी।** चानौत गांव में बिजली और पानी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज होने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज राठी ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे भाजपा विधायक की सोची-समझी चाल करार दिया। राठी ने कहा कि ग्रामीणों की मांग सिर्फ पीने के पानी की थी, जो बिल्कुल जायज है। पीने का पानी मांगने पर हांसी विधायक ने ग्रामीणों को जेल भेजने का फैसला किया है, जो निंदनीय है। राठी ने आरोप लगाया कि हांसी शहर और कई गांवों में पीने के पानी के खराब हालात के लिए भाजपा विधायक विनोद भयाना जिम्मेदार हैं। उद्योगपतियों और अपने मित्रों को खुलेआम पानी की चोरी करने की छूट दे रखी है। मनोज राठी ने सरकार से मांग की कि चानौत के ग्रामीणों, उनकी मदद करने वाले नेताओं और आसपास के गांवों के लोगों पर दर्ज झूठे मुकदमे तुरंत प्रभाव से कैंसिल किए जाएं।

# जस्सी पेटवाड़ झूठी वाहवाही लूटने का काम बंद करके जनता की समस्याओं का समाधान करें : शमशेर मोर

- कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से मार्केटिंग बोर्ड से बनाए जाएंगे 16 करोड़ रुपये से गांव के रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से करीब 16 करोड रुपये की लागत से गांव के कच्चे रास्तों को पक्का किया जाएगा। विधायक जस्सी पेटवाड़ झूठी वाहवाही लूटने लूटने का काम बंद करके जनता की समस्याओं का समाधान करने का काम करें। यह नसीहत मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर ने बास मार्केट कमेटी के कार्यालय में पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि गांव बास से भकलाना, बास से बडाला, खरबला से सीसर ओर नारनौंद से माजरा के रास्ते पहले ही मार्केटिंग बोर्ड से मंजूर हो चुके हैं। इन सभी का प्रस्ताव मार्केट कमेटी की तरफ से भेजा गया था और कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों के बाद इनको मंजूरी मिल गई थी। जब विधायक ने विधानसभा में इनका मुद्दा उठाया तो उस समय उनको जवाब दिया गया था कि यह रास्ते मंजूर हो चुके हैं जल्द काम शुरू हो जाएगा।



नारनौंद। बास मार्केट कमेटी में चेयरमैन शमशेर मोर पत्रकार वार्ता करते हुए।

चेयरमैन मोर ने बताया कि विधायक की ससुराल गांव मदन हेड़ी में भी कुछ युवाओं ने गांव के तालाब में पानी की समस्या को उठाया था। उन युवाओं से बातचीत कर उनकी समस्या का हल कर दिया। गांव में गंदे तालाब की पाइपलाइन के लिए करीब 15 लाख रुपये रुपये मंजूर कर दिए गए हैं।

### सुधरेंगी सड़कें

उन्होंने बताया कि बास अनाज मंडी में लाखों रुपये की लागत से पक्की सड़के, पार्क और दो मुख्य गेट बनाकर इसका सुधार किया जाएगा। गांव खांडा से नारनौंद सड़क मार्ग पर भी जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। विधायक जस्सी पेटवाड़ सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर झूठी वाहवाही लूटने का काम करने में लगे हुए हैं। जबकि यह सब कार्य पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के प्रयासों से ही संभव हो पाए हैं। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन आजाद शर्मा, मंडल प्रधान सोनू सैनी, विजय मोर, बलवान सिंह, पंडित देवेंद्र, जगदीश फौजी, शिवचरण, जयबीर साहू, ईश्वर धानिया, राज सिंह, नरेश मोर आदि मौजूद थे।

जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। उसी गांव के स्टेडियम की दीवार व ट्रैक बनवाने के लिए करीब 20 लाख रुपये भी जारी कर दिए गए हैं।

## हिसार की टीम धुरंधर ने गुवाहाटी में दिखाया जलवा

**हिसार।** रोहतक सर छोटू राम स्टेडियम में नेशनल ट्रायल में चयनित हिसार की नीलम सैनी की टीम को गुवाहाटी के भागेश्वरी फुकनानी हिंदू स्टेडियम दिसपुर में ग्रेपलिंग में हरियाणा का नेतृत्व करने का मौका मिला। इसमें हिसार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। इसमें अलग अलग भार वर्ग में 24 राज्यों के बच्चे आए थे, जिसमें हरियाणा की टीम प्रथम स्थान पर रही। दो तरह की प्रतियोगिताओं जीआई, एनओजीआई में 6 स्वर्ण, 5 रजत, 6 कांस्य पदक हासिल किए। जूनियर वर्ग में अभय 58 किलोग्राम में एक रजत एक कास्य पदक, गुरप्रीत 54 किलो ग्राम में एक रजत पदक, कैडेट्स में मुखरित सैनी 63 किलोग्राम में दो कास्य पदक, पुनीत 42 किलोग्राम एक रजत व एक कास्य पदक, परमीत 58 किलोग्राम में एक रजत एक कास्य, देव स्वामी 46 किलो ग्राम में एक रजत एक कास्य पदक, अंशु 46 किलो ग्राम में दो स्वर्ण पदक, ईशांत 42 किलोग्राम में दो स्वर्ण पदक, कार्तिक 39 किलो ग्राम में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। उनके शानदार प्रदर्शन पर कोच समीर और नीलम सैनी ने इन्हे व इनके परिवार को शुभकामनाएं दी।



## सोमनाथ मंदिर दर्शन यात्रा आवेदन 6 जून तक

**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि अंत्योदय परिवारों के बुजुर्गों के लिए सोमनाथ मंदिर दर्शन यात्रा की अंतिम तिथि छह जून है। इच्छुक श्रद्धालु छह जून तक स्वयं अपने स्मार्ट फोन या नजदीकी अटल सेवा केंद्र/सीएससी से सरल पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। श्रद्धालुओं को 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर स्पेशल ट्रेन में बुकिंग मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 जून को कुरूक्षेत्र से झंडी दिखाकर इस स्पेशल ट्रेन को रवाना करेंगे। इस यात्रा को लेकर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग ने वीसी के माध्यम से जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते 9 पदक

**हिसार।** कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में हुई लड़के और लड़कियों की सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिसार के खिलाड़ियों ने 9 जीते पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। सोनीपत 19 पदक जीतकर बना चैंपियन और भिवानी 18 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर एवं चरखी दादरी जिले ने 11 पदक जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। हिसार जिले ने 9 पदक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। एथलैटिक्स हरियाणा के महा साचिक प्रदीप मलिक और मीडिया प्रभारी (खेल) सत्यवीर धनखड़ ने मंगलवार को बताया कि हिसार के सोमनाथ चौहान ने 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और अंजू ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, कपिल ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, हितेश ने 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, प्रमोद ने हाई जंप इवेंट में कांस्य पदक, भूपेंद्र सिंह ने लांग जंप इवेंट में रजत पदक, अनुष्का ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, सिमरन बिश्नोई ने 3 किलोमीटर स्टेपल चेज इवेंट में रजत पदक एवं मीनाक्षी ने डिस्कस थ्रो इवेंट में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।




## मारपीट एवं जानलेवा हमला मामले में पांच लोग गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने मारपीट एवं जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चाकू व डंडे बरामद किए हैं। एएसआई अनवर ने बताया कि इस संबंध में गत 30 मई को क्रांति नगर निवासी अजय की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि घटना के दिन रात करीब 10:30 बजे जब वह निरंकारी भवन रोड स्थित खालसा पीओपी की दुकान के पास मौजूद तो नामजद आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया तथा उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने चाकुओं एवं डंडों से हमला कर उसे चोटें पहुंचाई। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वंश उर्फ बच्ची, आकाश उर्फ काऊ, शुभकर उर्फ अडवा, आशु उर्फ चोंच व मुनाजीर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू व डंडे भी बरामद किए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

# एचएयू का धान की उन्नत किस्म एचकेआर-49 के लिए करार

- शोध किसानों तक पहुंचाना विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से विकसित किए जा रहे उन्नत किस्मों के बीज देश एवं प्रदेश के किसानों तक उपलब्ध करवाने के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत समझौते किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा धान की उन्नत किस्म एचकेआर-49 के लिए गर्ग सीड्स कॉरपोरेशन, लुधियाना के साथ गैर-अनन्य लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोध किसानों तक पहुंचाना विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि धान की किस्म एचकेआर-49 अपनी उत्कृष्ट कृषि विशेषताओं एवं उत्पादन क्षमता के कारण किसानों के बीच काफी लोकप्रिय है।



हिसार। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज, कंपनी व विश्वविद्यालय के अधिकारी।

### कंपनी के साथ समझौता

कुलपति प्रो. काम्बोज की उपस्थिति में गर्ग सीड्स कॉरपोरेशन, लुधियाना के साथ समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग तथा कंपनी की ओर से सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर विकास बंसल ने हस्ताक्षर किए। समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद अब कंपनी विश्वविद्यालय को लाइसेंस की फीस अदा करेगी जिसके तहत उसे बीज का उत्पादन व विपणन करने का अधिकार प्राप्त होगा।

### धान की खासियत

यह अर्ध-बौनी शीघ्र पकने वाली तथा अधिक उपज देने वाली किस्म है। यह 120-125 दिनों में पककर तैयार हो जाती है। इसके दाने अति उत्तम गुणवत्ता के हैं। यह किस्म फॉल्स स्मट, ब्राउन स्पॉट तथा लीफ फोल्डर के प्रति सहनशील है। यह बहुफसली खेती प्रणाली तथा कटाई उपरांत कार्यों के समयबद्ध प्रबंधन के लिए उपयुक्त है। सीधी बुवाई की परिस्थितियों में भी यह अच्छी उपज देती है। इसकी औसत उपज 32 क्विंटल प्रति एकड़ तथा संभावित उपज 35-37 क्विंटल प्रति एकड़ है। लंबे एवं पतले दानों वाली लंबी बालियां होती हैं। इसके पौधे सीधे खड़े रहने वाले तथा गिरने के प्रति प्रतिरोधी हैं। फसल गिरने की समस्या नहीं होती। मौके पर अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, डॉ. वीरेन्द्र मोर, डॉ. योगेश जिंदल व डॉ. जितेन्द्र भाटिया मौजूद रहे।

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के 3 छात्रों ने किया जेईई एडवांस्ड क्वालिफाई

**हांसी।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर के 3 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों करण यादव ने 1047, पारस ने 4698 व ईशांत बेरवाल ने 7803 रैंक के साथ देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2026 सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर विद्यालय, अपने अभिभावकों तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय चेयरमैन आनंद यादव ने तीनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आनंद स्कूल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जेईई एडवांस्ड जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना अत्यंत गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि तीनों विद्यार्थियों ने अपने समर्पण और परिश्रम से यह सिद्ध कर दिया है कि लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प होने पर सफलता अवश्य मिलती है। उनकी यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।





जेईई एडवांस्ड उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी।